प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन विकास), म.प्र. का संस्थान आगवन दिनांक 16/11/2024

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में डॉ. समीता राजौरा, भा.व.से., प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मानव संसाधन विकास), म.प्र. भोपाल द्वारा दिनांक 16/11/2024 को आगवन हुआ। श्री प्रदीप वासुदेवा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक, श्री रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा उनका स्वागत किया गया। संस्थान के वैज्ञानिकों एवं वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारियों द्वारा वानिकी एवं वन्यप्राणी प्रभाग से संबंधित अनुसंधान गतिविधियों से अवगत कराया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन एवं विकास, म.प्र. द्वारा संस्थान के विभिन्न प्रभाग/सेल एवं अनुसंधान प्रयोगशालाओं के साथ अधोसंरचनाओं का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने संस्थान के बॉटनीकल गार्डन में लक्ष्मीतरू पौधे का रोपण किया। इस दौरान श्री कमल अरोरा, मुख्य वन संरक्षक, मध्य वन वृत्त, जबलपुर एवं श्री ऋषि मिश्रा, वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, जबलपुर उपस्थित रहे।